# प्रेस विज्ञप्ति

# इरेडा का  तीसरी तिमाही में शानदार प्रदर्शन : ऋण स्वीकृतियां 129% बढ़कर ₹31,087 करोड़ और  संवितरण 41% बढ़कर ₹17,236 करोड़ हुआ

नई दिल्ली, 31 दिसंबर 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए शानदार वृद्धि की  है। अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, इरेडा ने तीसरी तिमाही के दौरान 31,087 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किया , जोकि  पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान  13,558 करोड़ रुपये की तुलना में वर्ष -दर-वर्ष (वाई-ओ-वाई) 129% की असाधारण वृद्धि को दर्शाता है।

ऋण संवितरण में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुईं , जोकि  पिछले वर्ष के ₹12,220 करोड़ से 41% वर्ष -दर-वर्ष  बढ़कर ₹17,236 करोड़ हो गया। बकाया ऋण बुक  में 36% की वृद्धि हुई, जोकि  पिछले वर्ष ₹50,580 करोड़ की तुलना में 31 दिसंबर, 2024 तक ₹69,000 करोड़ तक पहुँच गई।

नवंबर 2023 से नवंबर 2024 की अवधि के लिए इरेडा को भारत में शीर्ष 5 धन-संपत्ति  सृजनकर्ताओं में से एक के रूप में भी मान्यता दी गई है, जिसने प्रमुख व्यावसायिक दैनिक द्वारा प्रतिष्ठित दूसरा स्थान हासिल किया है। यह इस प्रतिष्ठित सूची में एकमात्र सार्वजनिक क्षेत्र का प्रतिष्ठान  है, जोकि  अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में धन-संपत्ति  सृजन और उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि, "इरेडा का उत्कृष्ट प्रदर्शन भारत के अक्षय ऊर्जा के परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ऋण मंजूरी में 129% की वृद्धि हमारी क्षमताओं के लिए  हितधारकों के बढ़ते विश्वास और हरित ऊर्जा परियोजनाओं का समर्थन करने में हमारी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है। शीर्ष धन- संपत्ति निर्माता के रूप में मान्यता, विशेष रूप से इस सूची में एकमात्र पीएसयू के रूप में, नवाचार, सतता  और सुशासन के बारे में  हमारे अटूट फोकस की पुष्टि करता है। हम एक बेहतर हरित और आत्मनिर्भर भारत को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"